# SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam और Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

## Special 20 Questions for Current Affairs 13/05/2019

**Q1.** 12 मई को विश्वभर में किस प्रसिद्ध महिला के जन्मदिवस पर अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है?

क. मैरी सीकोल

ख. कालरा बार्टन

ग. क्वीन विक्टोरिया

घ. फ़्लोरेन्स नाइटिंगेल

12 मई को नोबल नर्सिंग सेवा की शुरुआत करने वाली फ़्लोरेन्स नाइटिंगेल के जन्मदिवस पर विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है. फ़्लोरेन्स नाइटिंगेल को “द लेडी विद द लैंप” के नाम से भी जाना जाता है.

SarkariExam.Com

**Q2.** निम्न में से कौन सा देश हाल ही में जलवायु आपातकाल की घोषणा करने वाला विश्व का दूसरा देश बन गया है?

क. इराक

ख. इंग्लैंड

ग. अमेरिका

घ. आयरलैंड

आयरलैंड की संसद ने हाल ही में जलवायु आपातकाल की घोषणा की है और वहा जलवायु आपातकाल की घोषणा करने वाला विश्व का दूसरा देश बन गया है. जलवायु आपातकाल की घोषणा पहला देश ब्रिटेन है.

**Q3.** भारत के किस बैंक को 2018-19 की जनवरी-मार्च तिमाही में 838.40 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है?

क. यस बैंक

ख. केनरा बैंक

ग. पंजाब नेशनल बैंक

घ. भारतीय स्टेट बैंक

भारत के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 2018-19 की जनवरी-मार्च तिमाही में 838.40 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है. जबकि वर्ष 2017-18 में की इसी तिमाही में बैंक को 4,187.41 करोड़ का घाटा हुआ था.

SarkariExam.Com

**Q4.** संडे टाइम्स की रिच लिस्ट के मुताबिक, हिंदुजा बंधु कौन सी बार यूके के सबसे अमीर व्यक्ति चुने गए है?

क. दूसरी बार

ख. तीसरी बार

ग. चौथी बार

घ. पांचवी बार

हिंदुजा बंधु तीसरी बार यूके के सबसे अमीर व्यक्ति चुने गए है. संडे टाइम्स की रिच लिस्ट के मुताबिक एक वर्ष में उनकी संपत्ति 1.356 बिलियन पाउंड बढ़ी है. हिंदुजा बंधु के देश में ऑइल, गैस, बैंकिंग, आईटी और रियल एस्टेट के कारोबार फैले हुए है

**Q5.** आईटीसी के पूर्व एग्जीक्यूटिव चेयरमैन और सीईओ वाईसी देवेश्वर का हाल ही में कितने वर्ष की आयु में निधन हो गया है?

क. 62 वर्ष

ख. 72 वर्ष

ग. 82 वर्ष

घ. 95 वर्ष

आईटीसी के पूर्व एग्जीक्यूटिव चेयरमैन और सीईओ वाईसी देवेश्वर का हाल ही में 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया है वे लम्बे समय से बीमार थे उनका जन्म 4 फरवरी 1947 को लाहौर में हुआ था. वे दो दशक से भी अधिक समय तक आईटीसी के प्रमुख रहे थे.

SarkariExam.Com

**Q6.** आईएएएफ वर्ल्ड रिले में पहली बार हुई मिक्स्ड हर्डल रिले रेस में किस देश ने 2 गोल्ड मेडल जीते है?

क. जापान

ख. ऑस्ट्रेलिया

ग. भारत

घ. अमेरिका

आईएएएफ वर्ल्ड रिले में पहली बार हुई मिक्स्ड हर्डल रिले रेस में अमेरिका ने 2 गोल्ड मेडल जीते है. और जापान ने सिल्वर मेडल जीता है. इस रेस में अमेरिका ने 54.96 सेकंड का समय लिया और जापान ने 55.59 सेकंड लेकर दूसरा स्थान हासिल किया था.

**Q7.** निम्न में से किस एजुकेशन बोर्ड ने प्रिंसिपल और टीचर्स को नेशनल अवार्ड से सम्मानित करने की घोषणा की है?

क. इग्नू

ख. छत्तीसगढ़ बोर्ड

ग. सीबीएसई बोर्ड

घ. महाराष्ट्र बोर्ड

सीबीएसई बोर्ड ने हाल ही में प्रिंसिपल और टीचर्स को नेशनल अवार्ड से सम्मानित करने की घोषणा की है. यह अवार्ड दो कैटेगरी में होंगे जो की टीचर्स-डे के अवसर पर 5 सितंबर को दिए जायेंगे. अवार्ड के साथ टीचर्स को मेरिट सर्टिफिकेट, शॉल और 50,000 कैश रूपये दिए जायेंगे.

SarkariExam.com

**Q8.** हाल ही में जापान ने दुनिया की सबसे तेज रफ्तार बुलेट ट्रेन ‘अल्फा-एक्स’ पेश की है जो की _____ में वर्ष लॉन्च की जाएगी?

क. 2020

ख. 2022

ग. 2025

घ. 2030

जापान ने हाल ही में 10 डिब्बो वाली दुनिया की सबसे तेज रफ्तार बुलेट ट्रेन ‘अल्फा-एक्स’ पेश की है. जिसकी टॉपस्पीड 360 किलोमीटर प्रतिघंटा है और ट्रेन का प्वाइंटेड नोज 72 फीट लम्बा है. जो की वर्ष 2030 में लॉन्च की जाएगी.

**Q9.** सिंगापुर की संसद ने फेक न्यूज पर रोक के लिए नया कानून बनाया और कितने वर्ष की सजा का प्रवाधान रखा है?

क. 3 वर्ष

ख. 6 वर्ष

ग. 10 वर्ष

घ. 12 वर्ष

सिंगापुर की संसद ने हाल ही में देश में फेक न्यूज पर रोक के लिए नया कानून बनाया है और 10 वर्ष की सजा के साथ-साथ 3.77 करोड़ रुपये के जुर्माने का प्रवाधान रखा है. भारत में अभी तक फेक न्यूज पर रोकने के लिए कोई भी ठोस कानून नहीं बना है.

SarkariExam.com

**Q10.** 25-30 मई के बीच होने वाली वेकेशन बेंच का हिस्सा बनने वाले मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई _____ सीजेआई होंगे?

क. पहले

ख. दुसरे

ग. तीसरे

घ. चौथे

25-30 मई के बीच होने वाली वेकेशन बेंच का हिस्सा बनने वाले सुप्रीमकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई पहले सीजेआई होंगे. प्रति वर्ष गर्मी की छुट्टियों में शीर्ष अदालत की वेकेशन बेंच में पहले किसी भी सीजेआई ने हिस्सा नहीं लिया है.

**Q11.** एयरहेल्प के द्वारा जारी की गयी दुनिया के टॉप 10 हवाई अड्डों की सूची में कौन सा एयरपोर्ट पहले स्थान पर रहा है?

क. हमाद एयरपोर्ट

ख. शघाई एयरपोर्ट

ग. राजीव गांधी एयरपोर्ट

घ. दुबई एयरपोर्ट

एक संगठन एयरहेल्प के द्वारा हाल ही में जारी की गयी दुनिया के टॉप 10 हवाई अड्डों की सूची क़तर का हमाद एयरपोर्ट पहले स्थान पर रहा है. टॉप 10 सूची में भारत का एयरपोर्ट शामिल हो गए है. इस सूची में भारत के हैदराबाद का राजीव गांधी अतंरराष्ट्रीय एयरपोर्ट आठवे स्थान पर रहा है.

SarkariExam.Com

**Q12.** पहली बार हुए वुमन्स टी-20 चैलेंज (वुमन मिनी आईपीएल) का ख़िताब किस महिला टीम ने जीता है?

क. सुपरनोवाज

ख. वेलोसिटी

ग. ट्रेलब्लाज़ेर्स

घ. इनमे से कोई नहीं

पहली बार हुए वुमन्स टी-20 चैलेंज (वुमन मिनी आईपीएल) का ख़िताब सुपरनोवाज ने जीत लिया है. उन्होंने फाइनल मुकाबले में वेलोसिटी को 4 विकेट से हरा दिया है. सुपरनोवाज की हरमनप्रीत कौर को प्लेयर ऑफ द मैच और जेमिमा रोड्रिग्ज प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया है.

Q13. सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) की प्राप्ति के लिए किसने अभिनेत्री दीया मिर्जा को अपना विशेष दूत नियुक्त किया है?

क. वर्ल्ड बैंक

ख. यूएन

ग. स्विस बैंक

घ. यूनेस्को

संयुक्त राष्ट्र (यूएन ) के महासचिव एंटोनियो गुतेरस ने हाल ही में सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) की प्राप्ति के लिए भारतीय अभिनेत्री दीया मिर्जा को अपना विशेष दूत नियुक्त किया है और साथ ही अन्य 17 अन्य मशहूर हस्तियों को विशेष कार्य के लिए चुना गया है.

SarkariExam.Com

**Q14.** आईसीसी ने श्रीलंका के किस पूर्व खिलाडी पर भ्रष्टाचार नियमों के उल्लंघन करने का आरोप लगाया है?

क. तिलकरत्न दिलशान

ख. सनथ जयसूर्या

ग. चम्मारा कपूगेदरा

घ. श्रीकान्त किन्दम्बी

आईसीसी ने हाल ही में श्रीलंका क्रिकेट के पूर्व पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या पर भ्रष्टाचार नियमों के उल्लंघन करने का आरोप लगाया है. और साथ ही आईसीसी ने उन्हें तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर रखा है.

**Q15.** युएई की टी-10 लीग में भ्रष्टाचार के आरोप में किसने श्रीलंका के पूर्व खिलाड़ियों जोएसा और अविष्का गुणवर्धन को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है?

क. श्री लंका क्रिकेट बोर्ड

ख. बीसीसीआई

ग. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICग.

घ. युएई क्रिकेट बोर्ड

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICग. – युएई की टी-10 लीग में भ्रष्टाचार के आरोप में आईसीसी ने श्रीलंका के पूर्व खिलाड़ियों जोएसा और अविष्का गुणवर्धन को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है. साथ ही इन दोनों खिलाडियों को आरोपों का जवाब देने के लिए 14 दिनों का समय दिया है

SarkariExam.Com

**Q16.** कोएत्जर वनडे में स्कॉटलैंड क्रिकेट टीम का कौन सा खिलाडी 2 हजार रन बनाने वाला स्कॉटलैंड का पहला खिलाडी बन गया है?

क. कैलकम मैकलीओड

ख. मैथ्यू क्रोस

ग. काइल कोएत्जर

घ. डेविड वार्नर

कोएत्जर वनडे में अफगानिस्तान टीम के खिलाफ स्कॉटलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान ने वनडे इंटरनेशनल में 2,000 रन पुरे कर लिए है साथ ही वे वनडे में 2 हजार रन बनाने बनाने वाले स्कॉटलैंड के पहले खिलाड़ी बन गए हैं.

**Q17.** अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का उल्लंघन करने पर अमेरिका ने किस देश के एक मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया है?

क. इराक

ख. रूस

ग. उत्तरी कोरिया

घ. दक्षिण कोरिया

अमेरिका ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का उल्लंघन करने पर उत्तरी कोरिया के एक मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया है. इस मालवाहक जहाज के द्वारा कोयले की ढुलाई की जा रही थी. इस मालवाहक जहाज का नाम “वाइज होनेस्ट” है.

SarkariExam.com

**Q18.** आतंकवादी हाफिज सईद और मसूद अजहर से संबंध रखने वाले 11 संगठनों पर हाल ही में किसने प्रतिबंध लगाया है?

क. अमेरिकी सरकार

ख. भारत सरकार

ग. ऑस्ट्रेलियाई सरकार

घ. पाकिस्तान सरकार

हाफिज सईद और मसूद अजहर को वैश्विक आतंकी घोषित किये जाने के बाद पाकिस्तान सरकार ने हाल ही में जमात-उद-दावा, फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन और जैश-ए-मोहम्मद से संबंध रखने वाले 11 संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया है.

**Q19.** उस भारतीय फिल्म निर्देशक का नाम बताएं जो शेख मुजीबुर रहमान पर इंडो-बांग्ला फिल्म निर्देशित करने जा रहा है?

क. प्रकाश झा

ख. अनुराग कश्यप

ग. संजय लीला भंसाली

घ. श्याम बेनेगल

भारत और बांग्लादेश द्वारा संयुक्त रूप से बनाई जाने वाली बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के जीवन और कार्यों पर एक फीचर फिल्म का निर्देशन प्रशंसित फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल द्वारा किया जाएगा। बैठक में बांग्लादेश के संस्थापक पर फीचर फिल्म बनाने के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसके निर्माण की घोषणा पहले दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने की थी।

SarkariExam.com

Q20. अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने हाल ही में किस देश के अर्थव्यवस्था के तेल कारोबार क्षेत्र में काम करने वाली दो शिपिंग कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है?

क. इराक

ख. ऑस्ट्रेलिया

ग. रूस

घ. वेनेजुएला

अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने हाल ही में वेनेजुएला अर्थव्यवस्था के तेल कारोबार क्षेत्र में काम करने वाली दो शिपिंग कंपनियों कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है. उनमें दो शिपिंग कंपनियों और उनके तहत पंजीकृत दो जहाज हैं.

SarkariExam.Com